दिनांक 08.02.2019

<u>प्रेस विज्ञप्ति</u>

सांची विश्वविद्यालय का खेल चैंपियन बना चीनी भाषा विभाग

- **क्रिकेट, वॉलीबॉल, बैडमिंटन, कैरम और रस्साकशी पर किया कब्ज़ा**
- **विश्वविद्यालय के तृतीय वार्षिक खेलों का समापन**
- **कैरम के छात्राओं वर्ग के डबल्स में जीती चीनी भाषा विभाग टीम**

सांची बौद्ध-भारतीय ज्ञान अध्ययन विश्वविद्यालय के तृतीय वार्षिक खेल महोत्सव में चीनी भाषा विभाग ओवरऑल चैंपियन रहा। टीम इवेंट्स के क्रिकेट, वॉलीबॉल और रस्साकशी, कैरम और बैडमिंटन डबल्स के मुकाबलों पर चीनी भाषा विभाग ने जीत दर्ज की। चीनी भाषा विभाग के खिलाड़ियों का अन्य एकल एवं डबल मुकाबलों में भी दबदबा रहा। छात्रों के वर्ग में **एथलेटिक्स** की प्रतियोगिता भी चीनी भाषा विभाग के खिलाड़ियों ने जीती। कैरम के छात्राओं के डबल्स मुकाबले पर भी चीनी विभाग की छात्राओं निधि और अंशू ने जीता।

दूसरे और अंतिम दिन कैरम, चैस, टेबल टेनिस, वॉलीबॉल और क्रिकेट के सेमीफाइनल और फाइनल मुकाबले खेले गए। सुबह सबसे पहले योग विभाग और कॉमन टीम के बीच क्रिकेट का **सेमीफाइनल** खेला गया जिसमें योग विभाग की टीम ने रोचक मुकाबले में कॉमन टीम को एक रन से हरा दिया। आखिरी गेंद पर कॉमन टीम को जीत के लिए 2 रनों की ज़रूरत थी लेकिन कॉमन टीम के बल्लेबाज़ बॉल बीट कर गए।

सेमीफाइनल मुकाबले में जीतने वाली योग विभाग की टीम का फाइनल **मुकाबला** चीनी भाषा विभाग की टीम से हुआ। योग विभाग की टीम 8 ओवर के इस मैच में 6 विकेट खोकर मात्र 54 रनों का लक्ष्य ही खड़ा कर सकी। दूसरी बल्लेबाज़ी करने उतरी चीनी भाषा की टीम ने आसानी से मात्र 2 विकेट खोकर चौथे ओवर में ही अपना लक्ष्य हासिल कर लिया।

शतरंज के मुकाबलों में छात्रों के वर्ग में चैंपियन रहे योग विभाग के मोहित कोष्ठा उन्होंने फाइनल में चीनी भाषा विभाग के आदित्य तिवारी को हराया। छात्राओं के शतरंज के मुकाबले में योग विभाग की नम्रता ने अंग्रज़ी विभाग की मुस्कान सोलंकी को हराकर खिताब जीता।

वॉलीबॉल का मुकाबला जीता चीनी भाषा विभाग की टीम ने। पांच मैचों के फाइनल्स में चीनी भाषा विभाग की टीम ने कॉमन टीम को 3 मैचों में हराया। **एथलेटिक्स** 100 मीटर के छात्रों और छात्राओं के मुक़ाबले में छात्राओं की स्प्रिंट को योग विभाग की ज्योति ने जीता। छात्रों की 100 मीटर दौड़ को जीता चीनी भाषा विभाग के अजय ने, दूसरा स्थान हासिल किया योग विभाग के रंजीत ने, तीसरे नंबर पर रहे इंडियन पेंटिंग विभाग के प्रतीक।

सबसे रोमांचक मुकाबला हुआ **रस्साकशी** का। रस्साकशी में चार टीमों ने हिस्सा लिया। चीनी भाषा विभाग की टीम ने फाइनल मुकाबला जीता। सभी टीमों में 7 छात्र और एक छात्रा रखी गई थीं।

बैडमिंटन के छात्रा वर्ग के सिंगल्स मुकाबले को जीता योग विभाग की मेघा ने। मेघा ने कॉमन टीम की सुनीता को हराया। जबकि छात्रा वर्ग के ही युगल मुकाबलों में चैंपियन रही अंग्रेज़ी विभाग की टीम। नताशा और मुस्कान की जोड़ी ने चीनी भाषा विभाग की जोड़ी निधि और पुष्पलता को हराया।

बैडमिंटन के छात्रों के सिंगल्स मुक़ाबले में बौद्ध अध्ययन विभाग के ली दिन ने योग विभाग के सूरज को हराकर चैंपियनशिप पर कब्ज़ा किया। और छात्रों के बैडमिंटन डबल्स मुकाबलों में चीनी भाषा विभाग की टीम के आदित्य और रंजन ने कॉमन विभाग की टीम के आमिर अहमद और विनय की जोड़ी को हराया।

टेबिल टेनिस के छात्रों के वर्ग के चैंपियन रहे अंग्रेजी विभाग के आमिर अहमद खान। आमिर ने योग विभाग के छात्रा आयुष को हराया। जबकि टेबल टेनिस के छात्राओं के वर्ग में अंग्रेज़ी विभाग की छात्रा नताशा ने योग विभाग की मीना को हराकर खिताब पर कब्ज़ा किया।

कैरम के छात्रों के डबल्स मुकाबलों में चीनी भाषा विभाग की नानाओ सिंह और टी मायारसंग की जोड़ी ने कॉमन टीम ने सौरव मंडल और भंते लखपाल की टीम को हराया। छात्राओं के कैरम के डबल्स मुक़ाबलों में चीनी भाषा विभाग की छात्राओं निधि और अंशू ने जीता। उन्होंने भारतीय चित्रकारी विभाग की श्वेता और आकांक्षा की जोड़ी को हराया। कैरम के मिक्स मुकाबलों में इंडियन पेंटिंग विभाक के सौरव और आकांक्षा की जोड़ी ने योग विभाग के प्रशांत और नम्रता की जोड़ी को हराया।

सांची विश्वविद्यालय के तीसरे वार्षिक खेलों के समापन समारोह में कुलसचिव श्री अदिति कुमार त्रिपाठी ने विजेता खिलाडियों एवं टीमों को पुरस्कृत किया। उन्होने कहा कि खेलों से व्यक्तित्व विकास होता है और अध्ययन के साथ खुद को स्वस्थ रखने में खेल बहुत सहायक है। उन्होने कहा कि खेलों से स्फूर्ति मिलती है जो कि हमें अध्ययन के दौरान ध्यान केंद्रित करने में सहायक होती है। कार्यक्रम में सहायक निदेशक खेल श्री विवेक पांडे ने सबका धन्यवाद ज्ञापित किया।